# ग्रामीण महिलाओं को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करें समाज का निर्माण करे - उइके

## » राज्यपाल छिंदवाड़ा जिले के तामिया में निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज छिंदवाड़ा जिले के तामिया में श्री महिला कल्याण समिति जुन्नारदेव द्वारा आयोजित निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता के उद्देश्य से किया गया यह कार्यक्रम वाकई सराहनीय है। परिवार में जब एक व्यक्ति बीमार पड़ता है तो दूसरे पर भी असर पड़ता है।

मेरा आग्रह है कि अपने आसपास स्वच्छ रखे और स्वस्थ्य रहें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करें। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग में उपाध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान ओ.एन.जी.सी. के सी.एस.आर. मद से जनजातीय क्षेत्र तामिया-जुन्नारदेव में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरण का प्रोजेक्ट श्री महिला कल्याण समिति तामिया के






माध्यम से स्वीकृत करने की अनुशंसा की थी, इसके लिए ओ.एन.जी.सी. संस्था को धन्यवाद देती हूं। इस सेनेटरी नेपकिन वितरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ग्रामीण जनजातीय महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरण का कार्यक्रम मेरे मुख्य आतिथ्य में होना मेरे लिए गौरव की बात है। राज्यपाल ने कहा कि तामिया से मेरी सार्वजनिक जीवन की शुरूवात हुई, तब मैंने कहा था कि इस क्षेत्र को नहीं छोड़ूंगी। मैं आज छत्तीसगढ़ की राज्यपाल के दायित्व का निर्वहन कर रही हूं। मेरी संवेदना वैसे ही है जैसे पहले थी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जनसंख्या की बहुलता वाले देश में ग्रामीण महिलाओं को सेनेटरी नेपकीन के उपयोग के लिए जागरूक करने की दिशा में यह अच्छी पहल है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थाओं को सम्मानित किया गया और सेनेटरी नेपकीन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती माधवी बथरा, श्री दौलत सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 32 वर्षीय महिला के साथ छेड़खानी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार में दिनांक 17.02.2020 को 32 वर्षीय महिला गांव का ओम प्रकाश गुप्ता पिता वासुदेव गुप्ता छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। प्रार्थीया ने बताया कि करीब 03 साल से ओम प्रकाश गुप्ता छेड़खानी कर रहा है, जब कभी घर से निकलती हूं, ओम प्रकाश घूर कर देखते रहता है और बुरी नियत से ताकझांक और पीछा करता है। प्रार्थीया के लिखित आवेदन पर ओमप्रकाश गुप्ता के विरूद्ध अप.क्र. 56/2020 धारा 354 (घ)(ग) आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### घर आंगन में कच्ची महुआ शराब बिक्री करते हुए ग्रामीण को जोबी पुलिस ने पकड़ा

**» 12.5 लिटर कच्ची महुआ शराब और बिक्री रकम जप्त**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक एस.के. यादव व हमराह स्टाफ ग्राम खम्हार दिनांक 16.02.2020 को श्याम सिंह राठिया को घर के आंगन में अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर रेड कर पकड़े। आरोपी घर के आंगन में दो प्लास्टिक डिब्बे में कच्ची शराब लेकर बिक्री करने के लिए बैठा हुआ था। जिसके पास से करीब 12.5 बल्क लीटर महुआ कच्ची शराब तथा शराब बिक्री रकम नगद 450/- रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना खरसिया की जोबी में धारा 34(2), 59 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### कार्यालय में रखा सामान चोरी अपराध दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सारंगढ़ में सीएचसी सारंगढ में विकास खण्ड डाटा प्रबंधक के पद पर कार्यरत भुवन लाल साहू द्वारा दिनांक 15.02.2020 के शाम से दिनांक 17.02.2020 के मध्य सीएचसी सारंगढ के कार्यालय में कोई अज्ञात चोर खिड़की से अन्दर प्रवेश कर कार्यालय में रखा सामान बड़ा स्टेपलाईजर, एक वाल पंखा, 01 एक्जास्ट फैन को चोरी कर ले गया है, जिसकी कुल कीमत लगभग रू. 8000 है। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 74/2020 धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

### मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर हाजी हसन अली की पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शायर हाजी हसन अली की 19 फरवरी को 35 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें दी विनम्र श्रद्धांजलि दी है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उर्दू के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिवर्ष हाजी हसन अली सम्मान दिया जाता है। हाजी हसन अली का जन्म 2 अक्टूबर 1913 को रायपुर में हुआ था। श्री अली ने उर्दू से हिन्दी और हिन्दी से उर्दू पढ़ना-लखना सीखने के लिए किताब लिखी, इससे दोनों भाषाओं को सीखने और समझने में रूचि रखने वालों को आसानी हुई हैं।

### मुख्यमंत्री बघेल ने अमर शहीद वीर बुद्धू भगत की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्री वीर बुद्धू भगत के 228 वे जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि वीर बुद्धू भगत अंग्रेज शासन में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में शहीद होने वाले क्रांतिकारी थे। श्री वीर बुद्धू भगत ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। बुद्धू भगत अद्भुत संगठनकर्ता थे। वे क्रांतिकारी होने के साथ-साथ जनता में लोकप्रिय थे। उनका बलिदान हमेशा याद किया जाएगा।

### डॉ. शिवकुमार डहरिया का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया कल 18 फरवरी को बालोद और दुर्ग जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. डहरिया सवेरे 11.40 बजे निज निवास रायपुर से मंत्रालय नवा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर 12.00 बजे मंत्रालय पहुँचेंगे और कार्यालयीन कार्य निपटाने के बाद दोपहर 3.30 बजे बालोद जिले के ग्राम कोलिहामार जाएंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच के लिए वृहद स्वास्थ्य शिविर का किया जाएगा आयोजन

### » औद्योगिक स्वास्थ्य सुरक्षा और न्यूनतम मजदूरी ना देने वाले और इसका उल्लंघन करने वाले संस्थानो पर होगी कड़ी कार्रवाई - बोरा

**» श्रम विभाग के सचिव श्री सोनमणि बोरा ने ली समीक्षा बैठक**

**» श्रमिकों के बच्चों को लंबित छात्रवृत्ति दिए जाने के दिए निर्देश**



**रायपुर।** श्रमिकों को उनके औद्योगिक संस्थानों और प्रतिष्ठानों द्वारा न्यूनतम मजदूरी देना और उनकी स्वास्थ्य-सुरक्षा का इंतजाम करना सुनिश्चित करें। सभी संस्थाओं में जाकर अवलोकन करे और न्यूनतम वेतन से कम भुगतान या वेतन भुगतान ना किए जाने और स्त्री-पुरूषों को समान वेतन ना दिए जाने की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई करे, आवश्यक हो तो अपराधिक मामला दर्ज कर औद्योगिक न्यायालय में प्रस्तुत करें। असंगठित श्रमिकों के विकास और कल्याण के लिए कार्य करना राज्य सरकार की मंशा है और यह जनघोषणा पत्र की अनुरूप भी है। यह बात श्रम विभाग के सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कही। उन्होंने असंगठित विकास एवं कल्याण समिति के धीमी गति पर असंतुष्टि जाहिर की और नियमित बैठक बुलाने के निर्देश दिए। श्री बोरा ने आज इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर में श्रम विभाग की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। बोरा ने कहा कि श्रमिकों के बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति तुरंत प्रदान करें। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य पूरा होने पर और राशि नहीं होने के कारण छात्रवृत्ति के आवेदन लंबित है। इस पर श्री बोरा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि श्रमिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उनके बच्चों के भविष्य सुरक्षित करने का कार्य किया जाए। श्री बोरा ने बैठक में ही छात्रवृत्ति के 8 हजार से अधिक लंबित आवेदनों के लिए राशि स्वीकृत की। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठानों में समय-समय पर निरीक्षण किया जाए।

## सून मकान से सोने का पेंडल, चांदी का गिलास, घंटी, करधनी और नगदी करीबन 20,000 रूपये की चोरी जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतवाली अन्तर्गत रूकमणी बिहार प्लाट नं. 29 कोतरारोड में रहने वाले माधव प्रसाद मित्तल उम्र 68 वर्ष बैंक से रिटार्यड कर्मचारी है। दिनांक 13/02/2020 को माधव मित्तल अपने घर को ताला लगाकर ईलाज के लिए परिवार सहित बाम्बे गये हुये थे। दिनांक 15/02/2020 के सुबह करीब 10:00 बजे इनका पडोसी किरण खरिकिया मोबाईल से फोन कर बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है। तब माध्यव प्रसाद अपने भाई सुनील को बताया और घर



वापस आकर देखा। घर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, अलमारी खुला था चेक करने पर उसमें रखे सोने का पेंडल, चांदी का गिलास, घंटी , करधनी और नगदी करीबन 20,000 रूपये जुमला करीब 48,000 रूपये को दिनांक 13/02/2020 से 15/02/2020 के बीच दरम्यिनी रात में कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोडकर चोरी कर ले गया था। चोरी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अप.क्र. 158/2020 धारा 457, 380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## कोंटा में देवरपल्ली तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की स्वीकृति

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा सुकमा जिले के अंतर्गत विकासखण्ड कोंटा में देवरपल्ली तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के लिए एक करोड़ एक लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके निर्माण से देवरपल्ली तालाब के रूपांकित क्षमता के अनुरूप 110 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा निर्मित होगी।

## 3 साल के बच्चे की तबीयत बिगड़ी, कोतवाली राइनो ने केजीएच



### डायल 112 इवेंट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली राइनो-1 को दिनांक 16.02.2020 के रात्रि 20:40 बजे भेलवाटिकरा में 3 साल की बच्ची पूजा निषाद पिता धर्म निषाद निवासी भेलवाटिकरा के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। बच्ची की तबीयत अत्यधिक खराब हो जाने से घरवालों ने मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट डायल 112 को दिया था। डायल 112 ईआरव्ही वाहन में पहुंचे आरक्षक रूप साहु द्वारा बच्ची को ईआरवी वाहन में बिठाकर केजीएच पहुंचाया गया ।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधरनगर राइनो को दिनांक 17.02.2020 के दोपहर 12:45 बजे रोड एक्सीडेंट का इवेंट एकताल जानकी कॉलेज के आगे के पास मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल होने पर मिला। इवेंट पर मौके पर पहुंचे आरक्षक कृष्ण कांत तंवर को जानकारी मिली कि मोटरसाइकिल का चालक पूर्ण चन्द्र पिता सीताराम मोटरसाइकिल से स्वयं गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे आरक्षक ईआरवी वाहन में बिठाकर केजीएच पहुंचाया गया।

## दहेज की मांग व युवती से प्रताड़ना जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर में विवाहिता द्वारा उसके संजय सारथी ,ससुर दिलेशवर सारथी, सास चित कुंवर विवाह के पश्चात से लगातार दहेज की मांग को लेकर उलाहना देते हुए प्रताडित करते हुए गाली गलौज, मारपीट जबरन उसके मायके लाकर पहुंचा देना शिकायत जांच में पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 25 /2020 धारा 498(अ),34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पीडिता बातई कि वर्ष 2017 को विधिवत जाति रीति रिवाज के अनुसार शादी सम्पन्न हुआ था तथा मुझे विवाह के समय मेरे मायके वालो ने स्त्री धन के रूप में आलमारी, कूलर, पलंग, पेटी, सायकल तथा कांस एवं पीतल के बडे गघरे एवं अन्य बर्तन सोने चांदी के जेवर दिये थे। ससुराल जाने के कुछ दिन बाद से ही मेरे पति, उसके पिता एवं माता के द्वारा यह कहा जाने लगा कि दहेज में मोटर सायकिल एवं फ्रिज नही दिया गया है। तबियत बिगडने पर देखभाल नहीं करते थे। मैं मायके आ गई पर वे खोज खबर नहीं लिये। प्रसव दिनांक 4.6.2018 को अपेक्स अस्पताल रायगढ में हुआ परन्तु मेरे पति एवं सास ससुर देखने तक नही आये। आवेदिका के आवेदन पत्र पर से उपरोक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## प्रधान आरक्षक पदोन्नत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस निरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर के द्वारा प्रधान आरक्षक से सहायक उपनिरीक्षक ब वर्ग के लिए रेंज स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा एवं पदोन्नति कोर्स उत्तीर्ण हुए कर्मचारियों की पदोन्नति सूची जारी की है जिसमें इस इकाई के प्रधान आरक्षक मनमोहन सिंह बैरागी को सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह दिनांक 17.02.2020 को द्वारा अपने कक्ष में मनमोहन बैरागी के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सहायक उपनिरीक्षक के पद पर





पदोन्नत किए। इस दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे एवं कार्यालय स्टॉफ मौजूद थे।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480